| Roll Number | | |
|---|---|---|

**Code Number 085/2**

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## SECOND MID TERM EXAMINATION
## HINDI (COURSE- B)

**Class: IX**
**Date: 13-12-20117**

**Subject Code: 085**

**Time Alloted: 3 Hrs**
**Max. Marks: 80**

**सामान्य निर्देश–** 1– इस प्रश्न–पत्र में **क, ख, ग** और **घ** चार खण्ड और **17** प्रश्न हैं।
2– चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3– यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर कमशः दीजिए।

### खण्ड – क

1– **निम्नलिखित गद्यांश को घ्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 9

अनुशासन ही मानव जीवन का आभूषण और श्रृंगार है। यह मनुष्य के जीवन का सब से शुभ लक्षण है। विद्यार्थी जीवन के लिए तो यह नितान्त आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन का परमलक्ष्य विद्या – प्राप्ति है और विद्या–प्राप्ति के लिए अनुशासन–पालन बहुत आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासनहीनता अत्यंत हानिकारक है। इससे शिक्षा–क्षेत्र का माहौल खराब होता है। इससे माता–पिता का मेहनत से कमाया हुआ धन व्यर्थ चला जाता है। अनुशासनहीनता से देश और समाज को क्षति पहुँचती है। जो विद्यार्थी अनुशासन भंग करता है, वह स्वयं अपने हाथों से अपना भविष्य विगाडता है।

अनुशासनहीन विद्यार्थी कुसंगति में पड़ते हैं तो उन्हें नशे की लत लग जाती है। उनका तन और मन दोनों कमजोर पड़ने लगता है। वे अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाते। इसलिए धीरे–धीरे वे समाज की मुख्यधारा से अलग–थलग पड़ जाते हैं।

अनुशासनहीनता से निकालकर विद्याथियों को उनके कल्याण के बारे में बताना होगा, तभी उनका जीवन प्रगति–पथ पर आगे बढ़ सकेगा। आज के नवयुवक विद्यार्थियों में यह विश्वास पैदा करना होगा कि उनमें शक्ति का अपार भंडार है। उनका सही मार्ग दर्शन करना होगा और उनकी शक्ति का समुचित उपयोग भी। इसके लिए समाज के जो भी लोग जिम्मेदार हैं, उन्हें अपना उत्तरदायित्व ईमानदारी से निभाना होगा।



कृपया पन्ना पलटिए–

**1**– विद्यार्थी जीवन में अनुशासनहीनता से किस प्रकार की क्षति होती है ? **2**
**2**– अनुशासनहीन विद्यार्थी समाज से अलग–थलग कैसे हो जाता है ? **2**
**3**– अनुशासन मनुष्य के लिए क्या है ? **2**
4– आज के नवयुवक विद्यार्थियों को क्या समझाना होगा ? 2
**5**– विद्यार्थी जीवन का परमलक्ष्य क्या है ? **1**

2– **निम्नलिखित पद्यांश को घ्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **6**

वीर जवानो ! सुनो , तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है।
जिस धरती को तुमने सींचा
अपने खून–पसीनों से ,
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र सरीखे सीनों से।
जब–जब उठी तुम्हारी बाहें, होता वश में काल है।

जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया,
शुलों पर चढ़–चढ़, हँस–हँस कर
कालकूट का पान किया।
जब–जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाएँ लाल हैं।

उस धरती को टुकड़े–टुकड़े
करना चाह रहे दुश्मन,
बड़े गौर से अजब तुम्हारी
चुप्पी थाह रहे दुश्मन,
जाति–पाँति, वर्गों–फिरकों के, वह फैलाता जाल है।

कुछ देशों की लोलुप नज़रें
लगी तुम्हारी ओर हैं,
कुछ अपने ही जयचंदों के
मन में बैठा चोर है।
सावधान कर दो उसको, जो पहने कपटी खाल हैं।

**1**– धरती शब्द का क्या अभिप्राय है ? उसके लिए वीरों ने क्या किया **है** ? **2**
**2**– धरती के दुश्मन कौन हैं और वे क्या करना चाहते हैं ? **2**
**3**–**'सावधान कर दो उसको, जो पहने कपटी खाल हैं'** का आशय स्पष्ट कीजिए। **2**

## खण्ड – ख

**शब्दों के वर्ण–विछेद कीजिए–** भारतीय , सृजित । **1 + 1** **2**

**4– क– निम्न शब्दों में उचित स्थानों पर अनुस्वार और अनुनासिक चिह्न लगाइए–** 2 **3**

मुह , रगीन , अनत , धुआ ।

**ख– निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए–** 1

**अफसर** , नमाज ।

**5– क– निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके लिखिए– 1 + 1** **3**

अस्थाई , सुकर्म ।

**ख– निम्नलिखित शब्द से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए– 1**

पौराणिक ।

**6– क– संधि–विच्छेद कीजिए–** यथार्थ , स्वागत । **1 + 1** **4**

**ख– संधि कीजिए–** सह + अनुभूति , सदा + एव । **1 + 1**

**7– निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थानों पर उचित विराम–चिह्न लगाइए–** **3**

1– अहा बहुत सुंदर दृश्य था क्या आप ने देखा
2– सुनो हमें अपने बड़े बुजुर्गों का आदर करना चाहिए

## खण्ड – ग

**8– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2 + 2 + 1** **5**

**1–** भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था ? **दुख का अधिकार** पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

**2–** एवरेस्ट की चढ़ाई के समय सहयोग और सहायता की भावना का परिचय बचेंद्री पाल के किस कार्य से मिलता है ?

**3–** हमारी सभ्यता धूल से क्यों बचना चाहती है ? **धूल** पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

 **कृपया पन्ना पलटिए–**

9– जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक शरद जोशी के व्यवहार में क्या–क्या परिवर्तन आए ?

**अथवा**

रामन की खोज **रामन–प्रभाव** क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

10– **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2 + 2 + 1** 5

1– प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता ?

2– कवि नज़ीर अकबराबादी ने **आदमीनामा** कविता में आदमी के सकारात्मक और नकारात्मक रूपों को परस्पर किन–किन रूपों में रखा है ?

3– जब प्रेमी गीत गाता है, तब प्रेमिका की क्या इच्छा होती है ?

11– **एक फूल की चाह** कविता का केंद्रीय भाव अपने शग्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

**रैदास के पदों** का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

12– **हामिद खाँ** पाठ के आधार पर मालाबार में हिंदू–मुसलमानों के परस्पर संबंधों को अपने शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

किन कारणों से लेखक ने कुएँ से चिट्ठियों को निकालने का निश्चय लिया ? **स्मृति** पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

## खण्ड – घ

13– **दिए गए संकेतों के आधार पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** 5

1– **विज्ञापन और हमारा जीवन–** विज्ञापन का उद्देश्य , विज्ञापन का प्रभाव , विज्ञापन से फायदे और नुकसान , विज्ञापनों का सामाजिक दायित्व।

2– **मित्रता–** मित्रता की आवश्यकता , मित्र के चुनाव में सावधानी , मित्र के कर्त्तव्य , सच्चा मित्र ।

14— सुबह में योग करने से होनेवाले फायदे की चर्चा करते हुए अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में ताजमहल देखने जाने की योजना बनाते हुए भारत में रहने वाले अपने दादाजी को पत्र लिखिए।

15— आप के विद्यालय में **बाल—दिवस** मनाया गया। इस विषय पर दो विद्यार्थियों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

आप के विद्यालय में **झंकार इस्पेक्ट्रम 2017** का आयोजन किया गया। इस विषय पर दो सहेलियों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

16— स्कूल में होनेवाले **कार्निवल के** लिए 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**


बाजार में आनेवाली किसी नई घड़ी के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

17— नीचे दिए गए चित्रों में से **किसी एक** का वर्णन 20 से 30 शब्दों में कीजिए। 5

**चित्र — 1**



**चित्र — 2**



**End of the Question Paper**